## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–17.08.2025 (सुबह 08:30 बजे)

**मुख्य समाचार**

1. **प्रवर्तन निदेशालय–ईडी ने पूर्व विधायक अंबा प्रसाद के भाई अंकित राज की तीन करोड़ दो लाख रुपए की संपत्ति की जब्त।**
2. **झारखंड हाईकोर्ट ने दिया आदेश तीन लाख से एक करोड़ मूल्य वाले ट्रेडमार्क उल्लंघन विवाद की सुनवाई सिविल जज सीनियर डिविजन करेंगे।**
3. **झारखंड नियोजन एवं प्रशिक्षण विभाग बीस अगस्त को लगायेगा रोजगार मेला, आठ सौ पचास पदों पर होगी नियुक्ति।**
4. **झारखंड में पिछले 24 घंटे के दौरान मानसून पड़ा कमजोर, मौसम विभाग के अनुसार 21 अगस्त से फिर सक्रिय होने की संभावना।**
5. **सैफ अंडर–17 इंडिया फुटबॉल टीम के लिए झारखंड की सात बालिका खिलाड़ियों का किया गया चयन।**

**********************

प्रवर्तन निदेशालय –ईडी ने पूर्व विधायक अंबा प्रसाद के भाई अंकित राज की तीन करोड़ दो लाख रुपए की संपत्ति जब्त की है। ये कार्रवाई बालू से जुड़े अवैध कारोबार को लेकर की गई है। ईडी अंबा प्रसाद के पारिवारिक सदस्यों के खिलाफ दर्ज 16 प्राथमिकी को ईसीआईआर के रूप में दर्ज करने के बाद मामले की जांच कर रहा है। ईडी ने इसी साल चार जुलाई को अंबा प्रसाद, अंकित राज सहित उनसे जुड़े लोगो के ठिकानों पर छापेमारी की थी। इसके बाद 18 जुलाई को ईडी ने हजारीबाग स्थित खनन कार्यालय का सर्वे भी किया था।

**********************

निर्वाचन आयोग ने कहा है कि मतदाता–सूची पूरी पारदर्शिता से, कानून–कायदों का पालन कर तैयार की जाती है। आयोग ने कहा कि मतदाता–सूची तैयार करते समय हर चरण में राजनीतिक दलों को शामिल किया गया था। आयोग ने पिछले चुनावों की मतदाता सूचियों में कथित कमियों का मुद्दा उठाए जाने की आलोचना की। आयोग ने कहा कि मतदाता–सूची से जुड़ा कोई भी मुद्दा दावा और आपत्ति अवधि के दौरान उठाया गया होता, तो उनकी जाँच की जा सकती थी। आयोग ने यह भी कहा कि कई राजनीतिक दलों और उनके बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं ने मतदाता–सूची के मसौदे पर समय रहते कोई आपत्ति दर्ज नहीं की थी।

**********************

झारखंड हाईकोर्ट ने आदेश दिया है कि तीन लाख से एक करोड़ मूल्य वाले ट्रेडमार्क उल्लंघन विवाद की सुनवाई सिविल जज सीनियर डिविजन करेंगे। चीफ जस्टिस तरलोक सिंह चौहान और जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की खंडपीठ ने एक अपील याचिका पर सुनवाई करते हुए 29 जुलाई 2024 का आदेश निरस्त कर दिया और वाद को मूल स्थिति में बहाल करने का निर्देश दिया। साथ ही निचली अदालत को विधि के अनुसार कार्यवाही आगे बढ़ाने का भी निर्देश दिया। खंड पीठ ने यह आदेश खाद्य उत्पाद कंपनी खेमका फूड प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड की ओर से दायर अपील याचिका पर सुनवाई के बाद सुनाया।

**********************

झारखंड नियोजन एवं प्रशिक्षण विभाग की ओर से 20 अगस्त को रोजगार मेला का आयोजन किया जाएगा। इस मेले में 850 पदो पर नियुक्ति की जाएगा। मेला का आयोजन सर्कुलर रोड स्थित अवर प्रादेशिक नियोजनालय सेंटर परिसर में किया जाएगा। रोजगार मेला में निजी क्षेत्र की कई कंपनियां शामिल होगी। इसमें 8वीं पास से लेकर मास्टर डिग्री धारी उम्मीदवारों के लिए अवसर उपलब्ध रहेंगे।

**********************

शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन के निधन पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि यह पल मेरे लिए अत्यंत पीड़ादायक है। उन्होने कहा कि रामदास सोरेन ने अपना जीवन घाटशिला और झारखंड की जनता के लिए समर्पित किया। झारखंड अलग राज्य आंदोलन में अपनी क्रांतिकारी और अग्रणी भूमिका निभाने वाले रामदास सोरेन शोषित और वंचित समाज के हक के लिए हमेशा चिंतित और प्रयत्नशील रहते थे।

*********************

प्रसव पूर्व अथवा प्रसव के बाद भी नौनिहालों को उचित पोषण नहीं मिलने के कारण वह कुपोषण का शिकार हो जाते हैं। ऐसे बच्चों को कुपोषण से निकाल कर स्वस्थ जीवन की ओर अग्रसर करने में साहिबगंज माल न्यूट्रिशन सेंटर अहम भूमिका निभा रहा है।

*********************

भारतीय अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला आज तड़के नई दिल्ली पहुंचे। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के अध्यक्ष डॉ. वी. नारायणन ने हवाईअड्डे पर उनका स्वागत किया। श्री शुक्ला 15 जुलाई को अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष केंद्र से लौटे हैं। वे अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष केंद्र जाने वाले पहले भारतीय हैं।

*********************

राजधानी रांची सहित राज्य भर में जन्माष्टमी का पर्व हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। आदित्यपुर स्थित सालडीह बस्ती में जन्माष्टमी पूजा कमिटी अग्रदूत संघ का 10 दिवसीय जन्माष्टमी महोत्सव सह मेला कल देर रात से शुरु हुआ। इस मौके पर निर्मित भव्य और आकर्षक पूजा पंडाल को भी रात में दर्शकों के लिए खोल दिया गया। कार्यक्रम में पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि श्री कृष्ण की लीला अपरंपार हैं जिसे हमें बड़ी सीख मिलती है।

*********************

साहिबगंज के बरहरवा थाना क्षेत्र के श्यामपुर मे बीते दिनों हुई हत्या के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बरहरवा के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नितिन खंडेलवाल ने बताया कि बदले की भावना से हत्या की गई थी। गिरफ्तार सभी आरोपियों को जेल भेजा जा रहा है।

*********************

झारखंड में पिछले 24 घंटे के दौरान मानसून कमजोर पड़ा है। मौसम विभाग के अनुसार राज्य में अगले चार दिनों के दौरान कही कही बादल छाए रहेंगे। वहीं कुछ इलाकों में गरज और तेज हवा के साथ बारिश का पूर्वानुमान है।

*********************

सैफ अंडर –17 इंडिया फुटबॉल टीम के लिए झारखंड की सात बालिका खिलाड़ियों का चयन किया गया है। इनमें गुमला की पांच जबकि रांची और हजारीबाग से एक एक खिलाड़ी शामिल है। चयनित खिलाड़ियों में गुमला आवासीय सेंटर की सूरजमुनी कुमारी, एलिजाबेथ लकड़ा, अनिता डुंगडुंग, विनीता होरो और वीना कुमारी है। वहीं हजारीबाग आवासीय बालिका फुटबॉल प्रशिक्षण केंद्र से अनुष्का कुमारी और स्टार वारियर्स रांची से दिव्यानी लिंडा का चयन हुआ है। सैफ अंडर 17 बालिका फुटबॉल का आयोजन 20 से 31 अगस्त तक भूटान में किया जाएगा।

*********************

## और अब अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित अधिकांश अखबारों ने शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन के निधन और उनके अंतिम संस्कार की खबर को पहले पन्ने पर प्रकाशित किया है।

**दैनिक भास्कर लिखता है** शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन का घोड़ाबांधा में हुआ अंतिम संस्कार।

**प्रभात खबर की सुर्खी है** दिशोम गुरू के संस्कार भोज में हुआ महाजुटान।

**दैनिक हिंदुस्तान ने** लिखा है हेमंत सोरेन ने कहा अलग राज्य आंदोलन में रामदास सोरेन ने निभाई क्रांतिकारी भूमिका

**दैनिक जागरण लिखता है** एनसीईआरटी ने जिन्ना, कांग्रेस व माउंटबेटन को भारत विभाजन के लिए बताया जिम्मेदार।

*******समाप्त********